News published in Papers of India/City paper/ Nano paper

नेपाल के शिक्षक दल ने जानी शिक्षण गतिविधियां

Bijay Pradhan addressing august gathering

लाचू कॉलेज के प्रबंध संकाय शिक्षकों से चर्चा करते दल के सदस्य।

सिटी रिपोर्टर. जोधपुर

नेपाल के 14 सदस्यीय शिक्षक दल ने बुधवार को लाचू मेमोरियल कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी का भ्रमण किया।

नेपाल के बालकुमारी कॉलेज, नारायणगढ़ से संबंधित यह दल भारत की प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियों, पद्धतियों व शोध कार्यों की जानकारी के लिए दस दिन की भारत यात्रा पर आया हुआ है। इस दल का नेतृत्व कॉलेज के शोध एवं अनुसंधान विभाग के संयोजक विजय प्रधान कर रहे हैं। दल ने लाचू कॉलेज के संकायों की सुविधाओं का अवलोकन कर प्रबंधन संकाय के शिक्षकों से वार्ता की। दल को विभाग की प्रवेश, परीक्षा प्रणाली, कोर्सेज व शोध गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रबंधन संकाय निदेशक प्रो. आरएल दाधीच ने दल का स्वागत किया।

जोधपुर, गुरुवार, 5 जनवरी 2012

राजस्थान

नेपाल का शिक्षक दल आया जोधपुर

नैनो रिपोर्टर .जोधपुर

लाचू मेमोरियल कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को नेपाल से चौदह सदस्यों का शिक्षक दल शैक्षाणिक भ्रमण पर आया है। शिक्षकों का यह दल नेपाल के बालकुमारी कॉलेज, नारायणगढ़ से आया है। दल का नेतृत्व बालकुमारी कॉलेज के शोध एवं अनुसंधान विभाग के संयोजक विजय प्रधान कर रहे हैं। लाचू कॉलेज के निदेशक प्रो. आर एल दाधीच ने बताया कि इस दल का प्रमुख उद्देश्य भारत की प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों तथा पद्धतियों की जानकारी लेना है। यह दल दस दिवसीय भारत यात्रा पर है। जिसमें राजस्थान से लाचू कॉलेज को भी सम्मिलित किया गया है। सभी सदस्यों ने कॉलेज के संकायों, आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। प्रबंधन संकाय के सभी शिक्षकों से वार्ता की और विभाग की परीक्षा प्रणाली, कोर्सेज व शोध गतिविधियों की जानकारी ली।